nt>

Title: Need to set up a heavy Industry in Public Sector in Banaskantha Parliamentary constituency, Gujarat.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) : सभापति महोदय, सदन के माध्यम से मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बनासकांठा की तरफ दिलाना चाहता हूं कि जहां कोई भी भारी उद्योग नहीं है और न ही केन्द्र स्तर पर वहां कोई औद्योगिक प्रतिष्ठान लगाने हेतु कोई प्रयास किए जा रहे हैं जिसके कारण मेरा संसदीय क्षेत्र औद्योगिक रूप से काफी पिछड़ा हुआ है और लोगों को जीविका के रूप में खेती बाड़ी पर निर्भर रहना पड़ता है और नवयुवक काम की तलाश में अन्य राज्यों में पलायन कर जाते हैं। अगर उद्योगपतियों को करों में राहत दी जाए और अन्य सुविधाएं दी जाएं, तो वहां पर कई उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं।

महोदय, मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस क्षेत्र में कोई एक भारी उद्योग स्थापित किया जाए और उद्योगपतियों द्वारा वहां उद्योग स्थापित करने हेतु केन्द्र स्तर पर प्रयास किए जाएं।